**टीकाकरण अभियान/महत्वपूर्ण**

**संख्या-3062/सैंतीस-2-2015-30(95)/2015**

प्रेषक,

**चन्द्र कान्त पाण्डेय,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**
(रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र)
पशुपालन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-02 नवम्बर, 2015

**विषय:-** **खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण (एफ0एम0डी0-सी0पी0) कार्यक्रम अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु समय बढ़ाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-569/सा0-1/एक्स-160/एफ0एम0डी0-सी0पी0/विविध/14-15, दिनांक 28.10.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. प्रदेश के सभी जनपदों में खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण (एफ0एम0डी0-सी0पी0) कार्यक्रम अन्तर्गत पशुओं में शत-प्रतिशत एफ0एम0डी0 का टीकाकरण कराने के उद्देश्य से दिनांक 15.09.2015 से 30.10.2015 तक एक विशेष अभियान चलाया जाना था। पंचायत चुनाव में अधिकांश अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लग जाने के कारण इस अवधि में यह अभियान पूर्ण न हो सका, जिससे सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 15.11.2015 तक जब तक टीका योग्य सभी पशुओं का टीकाकरण नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि इस अभियान में अनुमन्य सभी मदों में व्यय होने वाली धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी, जिसमें अभियान में लगाये जा रहे पैरावेट का मानदेय भी शामिल है। अभियान को संचालित करने तथा उसकी रिपोर्टिंग के संबंध में पूर्व में निर्गत सभी निर्देश यथावत् लागू रहेंगे।

4. कृपया सुनिश्चित करें कि टीकाकरण करने वाली टीम को सारी सुविधायें उपलब्ध रहें, ताकि नियमित रूप से टीकाकरण में कोई व्यवधान न हो। अपर निदेशक, ग्रेड-2 तथा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी रैण्डम आधार पर संतृप्त ग्रामों का भ्रमण कर पुष्टि भी सही ढ़ग से करें। त्रुटिपूर्ण प्रगति रिपोर्ट देने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

अतः कृपया खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण (एफ0एम0डी0-सी0पी0) टीकाकरण अभियान को दिनांक 15.11.2015 तक सफलतापूर्वक संचालित कर इसे शीघ्र शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश के पशुओं का स्वास्थ्य संवर्द्धन हो व पशु उत्पादकता बढ़ सके।

भवदीय,

ह0/-
**(चन्द्र कान्त पाण्डेय)**
विशेष सचिव

संख्या:- 934 /सा0-1/एक्स-160/एफ0एम0डी0-सी0पी0/17वांचरण/2014-15, दिनांक 3-11-2015

प्रतिलिपि उपरोक्त शासनादेश संख्या-3062/सैंतीस-2-2015-30(95)/2015 दिनांक-02 नवम्बर, 2015 पृष्ठांकन प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- श्री नवीन गुप्ता, कम्प्यूटर सुपरवाइजर, मुख्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे संबंधित विभागीय वेबसाइट तथा ई-मेल से भेजना सुनिश्चित करें।
2- कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- प्रमुख सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय, लखनऊ।
4- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
5- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय से कि कृपया इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान कर अभियान को सफल बनायें।
6- समस्त अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
7- उप आयुक्त (एल0एच0), भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
8- समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उ0प्र0।

**(ए0पी0 सिंह)**
निदेशक
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र

F.M.D-C.P 2014-15--121